कोटद्वार, रविवार
5 अक्टूबर 2025
वर्ष: 47
अंक: 147 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### तबीयत बिगड़ने से ट्रैकर की मौत

चमोली : सतोपंथ ट्रैकिंग में गए एक ट्रैकर की तबीयत खराब हो गई और लक्ष्मी वन के निकट उसकी मौत हो गई। शव को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बदरीनाथ पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 सदस्यीय ट्रैकिंग दल 3 अक्तूबर को बदरीनाथ से सतोपंथ के लिए रवाना हुआ था। यह दल लक्ष्मी वन के निकट पहुंचा तो एक ट्रैकर की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बदरीनाथ एसडीआरएफ के उप निरीक्षक दीपक सामंत ने बताया कि जैसे ही एसडीआरएफ की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि वसुधारा से लगभग 4 किमी आगे 4500 मीटर की उंचाई में 4 ट्रैकर फंसे हुए हैं और एक की तबीयत काफी खराब है। वह अपनी टीम के साथ रवाना हुए तब तक दल के 6 सदस्य वापस नीचे की ओर माणा गांव पहुंच गए थे जबकि 5 ट्रैकर सतोपंथ ट्रैकिंग मार्ग में ही थे। उन्होंने बताया कि उनका दल आगे बढ़ता रहा व रास्ते में खोजबीन जारी रखी। सतोपंथ क्षेत्र में ट्रैकर सुमन्ता दॉ उम्र 44 पुत्र सुसान्ता दॉ निवासी बराड्रोन दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल का शव बरामद किया। शव को स्ट्रेचर के माध्यम से लक्ष्मी वन तक लाया गया फिर लक्ष्मी वन से ग्राम माणा तक लाकर शव को पुलिस के सुपुर्द किया। (एजेंसी)

### एनएसटीआई से पास आउट हुए 315 छात्रों को मिले सर्टिफिकेट

देहरादून। राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) के 2024–25 सत्र में उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षुओं के लिए शनिवार को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमे 315 छात्रो को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। एनएसटीआई देहरादून में संचालित विभिन्न ट्रेडों में कुल 315 प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए। जिन्हें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के निदेशक प्रवीण लांबा ने प्रमाण पत्र दिए। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि कौशल भारत अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षु आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपने कौशल को उद्योग एवं उद्यमिता के साथ जोड़कर समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।संस्थान के प्राचार्य ज्ञान प्रकाश चौरसिया, आईएसडीएस अधिकारी आर्यन जांगड़ा, गजेंद्र कोली, इंद्रपाल सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### बड़कोट में देवियों के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

उत्तरकाशी। नगर पालिका बड़कोट के वार्ड नंबर 5 में तीन देवियों मां रेणुका, मां अठाषिण भगवती और मां भद्रकाली के दर्शन हेतु भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। प्रतिष्ठित व्यापारी रामप्रसाद बहुगुणा के आवास पर पहुंची इन देवियों की डोलियों और पवित्र चिह्नों के दर्शन कर नगरवासियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। वार्ड नंबर 5 आईटीआई रोड स्थित बहुगुणा निवास पर मोल्डा गांव से मां भद्रकाली के चिह्न शंख, घण्टी और तलवार, सरनौल गांव से मां रेणुका की तथा बड़कोट से मां अठाषिण भगवती की उत्सव डोली शुक्रवार की शाम पहुंची। शनिवार को दिनभर देव डोलियों के दर्शन करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने देवियों को भेंट चढ़ा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। देव पश्वाओं ने तीनों देवियों की शक्तियों का परिचय कराया और देवी चमत्कारों व उनकी महिमा का वर्णन किया। भक्ति और उत्साह से ओतप्रोत इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया।


इस मौके पर कुलानन्द बहुगुणा, रामप्रसाद बहुगुणा, सुनील बहुगुणा, शांति प्रसाद सेमवाल, नीलाम्बर डिमरी, देवी प्रसाद कंडवाल सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हरकी पैड़ी पर डुबकी लगाने को मिला जल, श्रद्धालु हुए खुश

हरिद्वार। यूपी सिंचाई विभाग ने शनिवार को हरकी पैड़ी पर 50 क्यूसेक जल उपलब्ध कराया। इससे श्रद्धालुओं को गंगा में डुबकी लगाने के लिए पर्याप्त जल मिला। इससे श्रद्धालुओं खुश नजर आए। दशहरे की मध्यरात्रि को गंगनहर में जल की निकासी बंद की गई थी। वार्षिक बंदी के तहत यूपी सिंचाई विभाग ने दशहरा की मध्यरात्रि से गंगनहर में पानी की निकासी बंद कर दी। छोटी दीवाली की मध्यरात्रि को गंगनहर में दोबारा पानी की निकासी शुरू होगी।

युवाओं के लिए खुला 62,000 करोड़ रुपए का पिटारा

# पीएम मोदी ने की कौशल और रोजगार की बौछार




नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को एक नई दिशा देते हुए ?62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का अनावरण किया। इस महात्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य देश में कौशल विकास, आधुनिक शिक्षा और रोजगार के अवसरों को नई उंचाइयों पर ले जाना है। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी घोषणा 'पीएम–सेतुझ् (उन्नत आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) योजना रही, जो ?60,000 करोड़ के विशाल निवेश वाली एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इस योजना के तहत देश भर के 1,000 सरकारी आईटीआई को 'हब–एंड–स्पोकझ् मॉडल पर उन्नत किया जाएगा। इससे ये संस्थान उन्नत बुनियादी ढांचे, आधुनिक ट्रेड, डिजिटल शिक्षण प्रणाली और इनक्यूबेशन जैसी सुविधाओं से लैस होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा, हमारे आईटीआई 'आत्मनिर्भर भारत के लिए कार्यशालाएं हैं। आज का यह समारोह भारत में कौशल को दिए जाने वाले महत्व का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने बिहार पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कई योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजनाझ् का शुभारंभ किया, जिसके तहत बिहार के पांच लाख स्नातकों को दो वर्षों तक ?1,000 का मासिक भत्ता मिलेगा। साथ ही, उन्होंने उद्योग–उन्मुख पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए बिहार में 'जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालयझ् का उद्घाटन किया और बिहटा में एनआईटी पटना के नए परिसर का लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले दो दशकों में बिहार सरकार ने 50 लाख युवाओं को रोज़गार से जोड़ा है और पिछले कुछ वर्षों में ही लगभग 10 लाख स्थायी सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इस समारोह में वर्चुअली शामिल हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह बहुत खुशी की बात है। बिहार में युवा आयोग और कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना से युवाओं को बहुत लाभ मिलेगा। राज्य में 25 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एक और बड़ा कदम उठाते हुए 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालयों और 200 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में स्थापित 1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन किया।

### अगले तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड में अगले तीन दिन भारी से बहुत भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी जिलाधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने चक्रवाती तंत्र के कारण उत्तराखंड में 5 से 7 अक्तूबर तक भारी से बहुत भारी वर्षा, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली और तूफान की आशंका है। साथ ही, पहाड़ी जिलों में भूस्खलन और संवेदनशील मार्गों पर अवरोध की स्थिति भी बन सकती है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी पत्र में जिलाधिकारियों को कहा गया है कि इस दौरान विद्यालयों में छात्रों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। आपदा संभावित और उंचाई वाले क्षेत्रों में पर्यटकों के आवागमन पर रोक लगाई जाए। खद्यान्न और चिकित्सीय सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने, संवेदनशील मार्गों पर आवागमन से पहले उपकरणों की उचित व्यवस्था की जाए।

# एक लाख दस हजार श्रद्धालुओं ने किए तुंगनाथ के दर्शन



रुद्रप्रयाग : तृतीय केदार तुंगनाथ में इस वर्ष तीर्थयात्रियों का नया कीर्तिमान स्थापित हो गया है। मंदिर समिति के अनुसार अब तक 1,10,299 श्रद्धालुओं ने भगवान तुंगनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की है। इनमें 53,323 पुरुष, 46,577 महिलाएं, 10,064 बच्चे, 312 साधु-संन्यासी और 23 विदेशी सैलानी शामिल हैं। शीतकाल में कपाट बंद होने तक यह संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है। मंदिर प्रबंधक बलवीर नेगी ने बताया कि जून तक यात्रा अपने शिखर पर रही, किंतु जुलाई और अगस्त में प्राकृतिक आपदाओं के चलते संख्या में गिरावट आई थी। हाल के दिनों में मौसम अनुकूल होते ही श्रद्धालुओं का आना फिर से बढ़ गया है। अक्तूबर के पहले सप्ताह से यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है और अब प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु चोपता से होते हुए तुंगनाथ और चंद्रशिला की ओर बढ़ रहे हैं। यात्रा की इस बहाली से घाटी के पर्यटन व्यवसाय में भी नई रौनक लौट आई है। तुंगनाथ धाम समुद्र तल से करीब 3,680 मीटर की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा शिव मंदिर है। पंचकेदारों में तीसरे केदार के रूप में प्रसिद्ध इस मंदिर में मान्यता है कि भगवान शिव की भुजाएं प्रकट हुई थीं। मंदिर समिति के सदस्य चंद्रमोहन बजवाल ने बताया कि चोपता से सीधे चंद्रशिला शिखर जाने वाले पर्यटकों की संख्या इसमें शामिल नहीं है, जिससे घाटी में आने वाले लोगों की वास्तविक संख्या कहीं अधिक है। (एजेंसी)

### 10 अक्तूबर को बंद होंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

चमोली : सिखों के हिमालयी तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट 10 अक्तूबर को शीतकाल के लिए बंद होंगे। हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों के साथ ही इंग्लैंड, अमेरिका, कनाडा, कीनिया आदि देशों से भी श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचेंगे।

हेमकुंड गोविन्द घाट गुरुद्वारा के प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कपाट बंद होने के अवसर पर हेमकुंड साहिब गुरु द्वारा को विशेष रूप से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया इस अवसर पर सेना गढ़वाल राइफल और पंजाब से आने वाली विशेष बैंड टीम भी पहुंचेगी। हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के अवसर पर हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेंद्र जीत बिन्द्रा भी मौजूद रहेंगे। इस वर्ष हेमकुंड साहिब की यात्रा आरम्भ होने की तिथि से लेकर अभी तक 2 लाख 68 हजार से अधिक श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंच चुके हैं। (एजेंसी)

# खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं : धामी

## मुख्यमंत्री ने किया 50 वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड, देहरादून में 50वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चौंपियनशिप का शुभारंभ किया। 10 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों से 54 टीमों के लगभग एक हजार से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार देवभूमि उत्तराखंड में सब-जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है, जो राज्य के लिए गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक अवसर है। कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, धैर्य, अनुशासन व टीम भावना भी सिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहलों से देश में खेलों के प्रति नई जागरूकता आयी है और भारत खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के बाद उत्तराखंड तेजी से खेलभूमि के रूप में अग्रसर है। राज्य में 517 करोड़ रुपये की लागत से विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना विकसित की जा रही है। शीघ्र ही आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों के साथ स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान लागू किया जाएगा। सीएम ने कहा कि हल्द्वानी में प्रथम खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देहरादून में बास्केटबॉल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण (बास्केटबॉल प्रशिक्षण अकादमी) के लिए जिलाधिकारी देहरादून को भूमि चिन्हित करने तथा हल्द्वानी में निर्माणाधीन खेल विश्वविद्यालय के पास बास्केटबॉल प्रशिक्षण अकादमी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।




मुख्यमंत्री ने बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए खेल विभाग को आवश्यक कदम उठाने तथा अन्य खेलों की भांति बास्केटबॉल की भी समय-समय पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर विधायक ी खजान दास, अध्यक्ष उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन सुशील कुमार, महासचिव बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया कुलविंदर सिंह गिल, उपाध्यक्ष उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन आदित्य चौहान, मंदीप सिंह ग्रेवाल आदि मौजूद थे।

### कार और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में छह घायल

काशीपुर। जसपुर–रुद्रपुर मार्ग पर ग्राम गिन्नीखेड़ा के पास शुक्रवार शाम को कार और ट्रैक्टर–ट्रॉली की आमने–सामने भिड़ंत में छह लोग घायल हो गए। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी। घायलों में कार सवार नवीन गुप्ता, उनकी पत्नी विशाखा गुप्ता, बहनोई नवीन गोयल, अंजलि गोयल (निवासी गाजियाबाद) तथा ट्रैक्टर–ट्रॉली सवार रामगोपाल शर्मा और राजेश (निवासी फाजलपुर स्वार, जिला रामपुर, यूपी) शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया। घायल नवीन गुप्ता ने बताया कि वह परिजनों के साथ जसपुर से रुद्रपुर किसी काम से जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर–ट्रॉली अचानक सड़क पार कर रही थी, तभी तेज गति से आ रही कार उससे टकरा गई और हादसा हो गया।

## सेना प्रमुख की पाकिस्तान को चेतावनी, नक्शे से मिटा देंगे नामोनिशां



अनूपगढ़ , भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को सख्त अल्टिमेटम दिया और कहा कि अगर पाकिस्तान राज्य–समर्थित आतंकवाद को बंद नहीं करेगा तो उसे अपने भूगोल पर बने रहने के बारे में सोचना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि पाकिस्तान ने आतंकवाद की आपूर्ति बंद नहीं की तो भारत संयम भूल सकता है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि अगर पाकिस्तान दुनिया के नक्शे पर बना रहना चाहता है तो उसे हर हाल में आतंकवाद रोकना होगा, वरना हम संयम भूल जाएंगे और पाकिस्तान का नक्शे पर से नामोनिशां मिटा देंगे। राजस्थान के अनूपगढ़ में एक सैन्य चौकी पर बोलते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना इस बार कोई संयम नहीं दिखाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि अगर पाक आतंकवाद पर लगाम नहीं लगाता है और आतंकियों की सप्लाई बंद नहीं करता है, तो 'ऑपरेशन सिंदूर–2.0झ् दूर नहीं होगा। सेना प्रमुख ने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 में भारत संयम नहीं रखेगा जो ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में रखा था। इस बार भारत ऐसी कार्रवाई करेगा कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा की उसे इतिहास में भूगोल पर रहना है या नहीं। अगर पाकिस्तान को भूगोल पर जगह बनानी है तो उसे आतंकवाद को खत्म करना होगा।

## जापान में रचा गया इतिहास, साने ताकाइची बनेंगी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री



टोक्यो ,जापान के राजनीतिक इतिहास में शनिवार का दिन एक नए अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को अपना नया नेता चुन लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही 64 वर्षीय ताकाइची का जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनना तय हो गया है।

प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के 7 सितंबर को इस्तीफा देने के बाद खाली हुए पद के लिए आज अध्यक्ष का चुनाव हुआ। इस मुकाबले में कुल पांच उम्मीदवार थे, लेकिन असली टक्कर ताकाइची और कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी के बीच देखने को मिली। पहले दौर की वोटिंग में किसी भी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिला, जिसके बाद रनऑफ वोटिंग कराई गई। इस निर्णायक दौर में ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे शिंजिरो कोइजुमी को हराकर पार्टी की कमान अपने हाथ में ले ली। साने ताकाइची जापान की एक मुखर और कट्टरपंथी नेता मानी जाती हैं। वह जापान के शांतिवादी संविधान में बदलाव करने, ताइवान के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ाने और विवादास्पद यासुकुनी मंदिर में नियमित रूप से जाने की समर्थक रही हैं। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को अगले 10 सालों में दोगुना करने की महत्वाकांक्षी योजना भी पेश की है।

ताकाइची का पीएम बनना भारत के लिए भी अहम माना जा रहा है। वह भारत को एक 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरझ् मानती हैं और क्वाड एवं इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर जोर देती रही हैं। अक्टूबर के मध्य में संसद में औपचारिक मतदान के बाद ताकाइची प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगी। पद संभालते ही उन्हें कई बड़ी कूटनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसमें सबसे अहम अक्टूबर के अंत में दक्षिण कोरिया में होने वाले सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होगी, जहां जापान पर रक्षा खर्च बढ़ाने का दबाव डाला जा सकता है।

### फर्रुखाबाद में लाइब्रेरी के अंदर भीषण धमाका, 2 लोगों के उड़े चिथड़े, 5 बच्चे घायल

फर्रुखाबाद ,उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में शनिवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां सेंट्रल जेल चौराहे के पास स्थित 'द सन क्लासेसझ् लाइब्रेरी के ग्राउंड फ्लोर पर हुए एक भीषण धमाके में दो लोगों के चिथड़े उड़ गए, जबकि लाइब्रेरी में पढ़ रहे करीब 5 बच्चे घायल हो गए हैं। यह धमाका इतना जबरदस्त था कि मानव अंग विस्फोट स्थल से करीब 50 मीटर दूर तक जाकर गिरे। घटना में एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया है, जबकि दूसरे की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

यह घटना कादरीगेट थाना क्षेत्र में आईटीआई मार्ग पर स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज के पास हुई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां, एंबुलेंस और कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।

## छिंदवाड़ा में 9 बच्चों की मौत के बाद सरकार सख्त, कोल्डरिफ कफ सिरप पर लगाया बैन




छिंदवाड़ा , छिंदवाड़ा में 9 बच्चों की मौत के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने कोल्डरिफ कफ सिरप की बिक्री पर प्रदेशव्यापी प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यादव ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, *छिंदवाड़ा में सिरप के कारण हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। इस सिरप की बिक्री पूरे मध्यप्रदेश में बैन कर दी गई है।

सिरप बनाने वाली कंपनी के अन्य उत्पादों पर भी रोक लगाई जा रही है। फैक्ट्री कांचीपुरम (तमिलनाडु) में स्थित है, इसलिए घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने तमिलनाडु सरकार से जांच करवाई। रिपोर्ट आने के बाद सख्त कार्रवाई की जा रही है।*

स्थानीय स्तर पर छिंदवाड़ा प्रशासन पहले ही सिरप पर जिला–व्यापी प्रतिबंध लगा चुका था। अब राज्य सरकार ने विशेष जांच टीम गठित की है, जो दवा के वितरण, आपूर्ति श्रृंखला और चिकित्सकों की भूमिका की गहन जांच करेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और सैंपल जांच में सहयोग कर रही है।

बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा के परासिया क्षेत्र में वायरल फीवर के इलाज के लिए स्थानीय डॉक्टरों द्वारा सुझाए गए इस सिरप के सेवन के बाद बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। कई बच्चों को छिंदवाड़ा और नागपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। मृतकों में शिवम, विधि, अदनान, उसैद, ऋषिका, हेतांश, विकास, चंचलेश और संध्या शामिल हैं। परिजनों का आरोप है कि सर्दी–खांसी की सामान्य दवा ने उनके मासूमों की जान ले ली। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को कोई भी दवा बिना पंजीकृत चिकित्सक की सलाह के न दें। साथ ही, जिले में 1,400 से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि संभावित प्रभावित बच्चों की समय रहते पहचान की जा सके।

## टी एस सी बोष ने आरईसी लिमिटेड के निदेशक का कार्यभार संभाला



नई दिल्ली , टी एस सी बोष ने 3 अक्टूबर को आरईसी लिमिटेड के निदेश-क (परियोजनाएँ) का कार्यभार संभाला है। 1 अक्टूबर को कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) की मंजूरी के बाद, विद्युत मंत्रालय ने आज इस संबंध में एक आदेश जारी किया। विद्युत क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक के व्यापक अनुभव के साथ, बोष ने कई प्रमुख नेतृत्व पदों पर कार्य किया है, जिसमें आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करना भी शामिल है। उन्होंने रणनीतिक निर्णय लेने, व्यवसाय विकास और सभी हितधारकों के साथ समन्वय में भी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों के तहत प्रमुख राष्ट्रीय विद्युतीकरण पहलों के सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय रूप से, उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, जिससे हज़ारों दूरदराज के गाँवों में बिजली पहुँची, और प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना झ सौभाग्य योजना, जिसके माध्यम से देश में सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण का ऐतिहासिक लक्ष्य प्राप्त हुआ, के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरईसी में कार्यकारी निदेशक (इंजीनियरिंग) के रूप में अपनी पिछली भूमिका में, उन्होंने राज्य के स्वामित्व वाली और निजी क्षेत्र की संस्थाओं, दोनों में बिजली और बुनियादी ढाँचा क्षेत्र की परियोजनाओं के वित्तपोषण में असाधारण परियोजना नेतृत्व और रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रीय ऊर्जा लक्ष्यों के साथ संरेखण सुनिश्चित करते हुए, बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं के मूल्यांकन और वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत सरकार की बड़े पैमाने पर बिजली पारेषण और वितरण परियोजनाओं का भी क्रियान्वयन किया है। विविध व्यावसायिक क्षेत्रों का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता और उनकी मज़बूत विश्लेषणात्मक और प्रबंधकीय कुशाग्रता ने भारत के बिजली क्षेत्र में एक विश्वसनीय वित्तीय भागीदार के रूप में आरईसी के निरंतर विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी रणनीतिक निगरानी व्यावसायिक विकास, मानव संसाधन, सूचना प्रौद्योगिकी, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, परियोजना निगरानी और कॉर्पोरेट संचार सहित कॉर्पोरेट कार्यों की एक विस्तृत श्रृंखला तक फैली हुई है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और गहन क्षेत्रीय विशेषज्ञता देश के विद्युत और अवसंरचना विकास में एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में आरईसी की भूमिका को आकार दे रही है।

### वैष्णो देवी यात्रा 5 से 7 अक्टूबर तक स्थगित

कटरा ,माता वैष्णो देवी की यात्रा को खराब मौसम के कारण 5 अक्टूबर, रविवार से 7 अक्टूबर तक रोक दिया गया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह बड़ा फैसला लिया है। यह फैसला भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी की गई चेतावनी के मद्देनजर किया गया है। बता दें कि इससे पहले अगस्त में यात्रा मार्ग में लैंडस्लाइड की वजह से हुई तबाही के बाद 22 दिनों तक यात्रा रुकी थी। उस हादसे में 34 लोगों की जान चली गई थी। श्राइन बोर्ड ने मौसम संबंधी सलाह को देखते हुए तीर्थयात्रा को स्थगित करने की घोषणा की। बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करके भक्तों को सूचित किया है कि यात्रा 8 अक्टूबर को फिर से शुरू होगी, बशर्ते मौसम की स्थिति अनुकूल रहे।

## डूबने से नहीं, जहर देकर मारा गया था सिंगर जुबिन गर्ग

### मौत के मामले में सनसनीखेज खुलासा

गुवाहाटी ,असम के मशहूर सिंगर जुबिन गर्ग की मौत का रहस्य और गहरा गया है। मामले की जांच के बीच गिरफ्तार किए गए जुबिन के ही बैंड मेंबर शेखर ज्योति गोस्वामी ने एक सनसनीखेज खुलासा किया है। गोस्वामी ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया है कि जुबिन की मौत स्कूबा डाइविंग के दौरान डूबने से नहीं, बल्कि उन्हें सिंगापुर में जहर देकर मारा गया था। इस खुलासे के बाद असम सरकार ने मामले की जांच के लिए एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन कर दिया है। जुबिन की 19 सितंबर, 2025 को सिंगापुर में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में फेस्टिवल के ऑर्गेनाइजर श्यामकानु महंत, सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और बैंड के दो मेंबर शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार कर 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। पुलिस रिमांड नोट के अनुसार, पूछताछ में शेखर ज्योति गोस्वामी ने आरोप लगाया कि मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और ऑर्गेनाइजर श्यामकानु महंत ने मिलकर जुबिन को जहर दिया था। गोस्वामी ने अपने बयान में कहा है कि जुबिन एक ट्रेंड तैराक थे, इसलिए उनका डूबना असंभव है।

उसने आरोप लगाया कि जब जुबिन पानी में सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा को जाबो दे, जाबो दे (असमिया में झ जाने दो, जाने दो) चिल्लाते हुए सुना गया था।

## प्याज काटते समय आंखों में होती है जलन? इन तरीकों से करें दूर

प्याज काटते समय आंखों में जलन होना एक आम समस्या है। यह उन लोगों के लिए और भी ज्यादा परेशान कर सकती है, जो रोजाना खाना बनाते हैं। हालांकि, कुछ सरल और प्रभावी तरीके अपनाकर आप इस समस्या से बच सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताएंगे, जिनसे आप बिना किसी परेशानी के प्याज काट सकते हैं और आपकी आंखें सुरक्षित रहेंगी। इन तरीकों को अपनाकर आप रसोई के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं।

पानी में काटें

प्याज काटते समय पानी चलाए रखना एक आसान और कारगर तरीका है। प्याज को पानी में काटें। इससे प्याज से निकलने वाली गैस कम हो जाती है, जो आंखों में जलन का कारण बनती है। इससे आपकी आंखें सुरक्षित रहती हैं और आपको जलन महसूस नहीं होती है। यह तरीका खासकर तब फायदेमंद होता है, जब आपको ज्यादा मात्रा में प्याज काटनी हो।

चाकू का उपयोग सही रखें

प्याज काटते समय चाकू का सही उपयोग करना बहुत जरूरी है। तेज चाकू से प्याज काटने पर कम दबाव पड़ता है, जिससे गैस कम निकलती है और आंखों में जलन नहीं होती है। इसके अलावा तेज चाकू से काटते समय प्याज की परतें भी साफ निकलती हैं, जिससे आपका काम जल्दी हो जाता है। ध्यान रखें कि चाकू हमेशा धारदार होना चाहिए ताकि आपको किसी भी तरह की परेशानी न हो और आप आसानी से प्याज काट सकें।

ठंडे पानी में रखें

प्याज को ठंडे पानी में कुछ मिनट के लिए रखें या फ्रिज में रख दें। इससे जब आप उसे काटेंगे तो गैस कम निकलेगी और आपकी आंखों में जलन नहीं होगी। यह तरीका खासकर तब काम आता है, जब आपको बड़ी मात्रा में प्याज काटनी हो। इसके अलावा ठंडा पानी प्याज की परतों को ढीला कर देता है, जिससे उन्हें हटाना आसान हो जाता है और आपका काम जल्दी हो जाता है।

पंखे का उपयोग करें

प्याज काटते समय पंखे का उपयोग करना भी फायदेमंद हो सकता है। पंखे की हवा गैस को दूर करती है, जिससे आपकी आंखों में जलन कम होती है। अगर आपके पास बिजली का पंखा न हो तो खिड़की या दरवाजे के पास खड़े होकर भी आप इसे कर सकते हैं। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप आसानी से प्याज काट सकते हैं। इन तरीकों से आपका काम भी जल्दी होगा और रसोई का अनुभव भी बेहतर रहेगा।

## गैस के कारण छाती में दर्द? इन 5 घरेलू नुस्खों को अपनाकर मिलेगा आराम

गैस के कारण छाती में दर्द होना एक आम समस्या है, जो कई लोगों को परेशान करती है। यह समस्या अक्सर खाने–पीने की गलत आदतों या शरीर में गैस बनने के कारण होती है। इस लेख में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनसे आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं और अपनी छाती के दर्द को कम कर सकते हैं। इन नुस्खों को अपनाकर आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं।

अदरक का सेवन करें

अदरक का सेवन गैस के कारण छाती में होने वाले दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। अदरक में ऐसे तत्व होते हैं, जो सूजन और जलन को कम करते हैं। इसके लिए आप अदरक की चाय पी सकते हैं या कच्चा अदरक चबा सकते हैं। इसके अलावा अदरक का रस भी पी सकते हैं, जो आपकी छाती को आराम देगा और दर्द को कम करेगा। अदरक का सेवन आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाता है।

पुदीने की चाय पिएं

पुदीने की चाय पाचन तंत्र को शांत करने और गैस को बाहर निकालने में मदद करती है। इसमें एक खास तत्व होता है, जो पेट की मांसपेशियों को आराम देता है। रोजाना सुबह खाली पेट पुदीने की चाय पीने से न केवल गैस की समस्या दूर होती है, बल्कि यह आपकी ऊर्जा को भी बढ़ाती है और ताजगी का एहसास कराती है। इसके नियमित सेवन से आपका पाचन तंत्र भी बेहतर काम करता है।

जीरे का पानी पिएं

जीरे का पानी पाचन तंत्र को मजबूत बनाने और गैस को कम करने में सहायक होता है। जीरे में ऐसे तत्व होते हैं, जो पेट की समस्याओं को दूर करते हैं। इसके लिए एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच जीरा डालकर उसे थोड़ी देर छोड़ दें ताकि वह अच्छे से मिल जाएं, फिर इसे छानकर पी लें। इस प्रक्रिया को दिन में एक बार जरूर अपनाएं ताकि आपको जल्द राहत मिल सके।

हींग का इस्तेमाल करें

हींग का इस्तेमाल भी गैस की समस्या को दूर करने में मदद करता है। इसमें ऐसे गुण होते हैं, जो सूजन और जलन को कम करते हैं। आप हींग को पानी में घोलकर पी सकते हैं या सब्जियों में डालकर खा सकते हैं। इसके अलावा आप हींग को गर्म पानी में मिलाकर भी पी सकते हैं। यह आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और गैस की समस्या से राहत दिलाता है।

तुलसी की पत्तियां चबाएं

तुलसी की पत्तियां पेट की गैस को कम करने में असरदार होती हैं। इसमें ऐसे तत्व होते हैं, जो आपके शरीर को ऊर्जा देते हैं और पाचन क्रिया को सुधारते हैं। आप तुलसी की पत्तियों को चबा सकते हैं या उनका रस निकालकर पी सकते हैं।

# भारत पश्चिमी देशों के लिए नई चुनौती

**भारत पर इसका प्रभाव समझने के पूर्व समझौते की व्याख्या करना जरूरी है। वास्तव में यह समझौता संभावित मुस्लिम महाशक्ति की नींव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें पाकिस्तान की परमाणु शक्ति तथा सऊदी अरब की आर्थिक ताकत के साथ आने के संकेत हैं। परिणामस्वरूप एक संभावित 'महाशक्तिइ का उदय हो सकता है। समझौता पारंपरिक लेन–देन पर आधारित कूटनीति से बढ़कर संस्थागत सुरक्षा साझेदारी की ओर संकेत कर रहा है। पाकिस्तान का कहना है कि यह सुरक्षात्मक समझौता है, आक्रमक सोच वाला नहीं किंतु सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक समझौते के तहत 'सभी सैन्य साधनइ भी शामिल होंगे। इस समझौते के पीछे एक तात्कालिक कारण यह है कि खाड़ी और मध्य पूर्व की सुरक्षा की स्थिति में बढ़ी हुई अनिश्चितता विशेष रूप से इस क्षेत्र में अन्य देशों के हथियारबंद संघर्ष एवं आक्रमक गतिविधियों के बढ़ने के चलते। समझौते की मीमांसा के पूर्व इसकी प्रमुख बातों का भी उल्लेख जरूरी है ताकि इसके दूरगामी रणनीतिक पहलुओं को समझा जा सके–साझा सुरक्षा बंधन–अगर दोनों देशों से किसी एक देश पर असर होता है, तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। रक्षा सहयोग और समर्थन–इसके अंतर्गत दोनों देश सैन्य प्रशिक्षण, हथियारों की आपूर्ति, तकनीकी हस्तांतरण तथा सह–उत्पादन पर विशेष बल देंगे।**

**डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र**

विगत 17 सितम्बर 2025 को सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक रणनीतिक गठबंधन 'स्ट्रेटजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट रियाद में हुआ। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच हस्ताक्षर हुए जिसे वर्तमान दौर का इस्लामिक नाटो (मुस्लिम उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) समझौता का नाम दिया जा रहा है।

इस समझौते में कहा गया है कि एक देश पर आक्रमण को दूसरे देश पर आक्रमण माना जाएगा। नाटो के अनुच्छेद–5 की तरह काम करने की बात कही गई है। इस समझौते से यह भी अब समझने की आवश्यकता है कि भारत पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव क्या होगा?

भारत पर इसका प्रभाव समझने के पूर्व समझौते की व्याख्या करना जरूरी है। वास्तव में यह समझौता संभावित मुस्लिम महाशक्ति की नींव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें पाकिस्तान की परमाणु शक्ति तथा सऊदी अरब की आर्थिक ताकत के साथ आने के संकेत हैं। परिणामस्वरूप एक संभावित 'महाशक्तिइ का उदय हो सकता है। समझौता पारंपरिक लेन–देन पर आधारित कूटनीति से बढ़कर संस्थागत सुरक्षा साझेदारी की ओर संकेत कर रहा है। पाकिस्तान का कहना है कि यह सुरक्षात्मक समझौता है, आक्रमक सोच वाला नहीं किंतु सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक समझौते के तहत 'सभी सैन्य साधनइ भी शामिल होंगे। इस समझौते के पीछे एक तात्कालिक कारण यह है कि खाड़ी और मध्य पूर्व की सुरक्षा की स्थिति में बढ़ी हुई अनिश्चिता विशेष रूप से इस क्षेत्र में अन्य देशों के हथियारबंद संघर्ष एवं आक्रमक गतिविधियों के बढ़ने के चलते।

समझौते की मीमांसा के पूर्व इसकी प्रमुख बातों का भी उल्लेख जरूरी है ताकि इसके दूरगामी रणनीतिक पहलुओं को समझा जा सके–साझा सुरक्षा बंधन–अगर दोनों देशों से किसी एक देश पर असर होता है, तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। रक्षा सहयोग और समर्थन–इसके अंतर्गत दोनों देश सैन्य प्रशिक्षण, हथियारों की आपूर्ति, तकनीकी हस्तांतरण तथा सह–उत्पादन पर विशेष बल देंगे। परमाणु बचाव रणनीति–पाकिस्तान के पास लगभग 170 परमाणु हथियार हैं, जबकि सऊदी अरब के पास एक भी परमाणु हथियार नहीं हैं।

इस डील द्वारा पाकिस्तान सऊदी अरब को परोक्ष रूप से परमाणु सुरक्षा कवच प्राप्त होने की संभावना है। ईरान के परमाणु संकट को संतुलित करने हेतु–वास्तव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा संकट मानकर उसका संतुलन स्थापित करने की दृष्टि से भी सऊदी अरब



एवं पाकिस्तान का यह समझौता हुआ है। अमेरिकी की दोहरी भूमिका का परिणाम–इस डील में हाल में पाकिस्तान के साथ की गई डिफेंस डील और उसकी शांतिपूर्ण अनुमति के आधार पर हुई है, ताकि सऊदी अरब की सुरक्षा का बोझ पाकिस्तान पर डाला जा सके।

समझौते में प्रावधान है कि रक्षा के लिए सभी सैन्य साधनों का उपयोग किया जा सकता है। इसके तहत सैन्य सहयोग से लेकर आधुनिक रक्षा पण्रालियां भी शामिल हैं। दोनों देशों का कहना है कि यह रक्षा डील क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए है, पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों को विशेष रूप से दृष्टिगत रखते हुए किया गया है। इस समझौते के अंतर्गत सैन्य अभ्यास, सैन्य प्रशिक्षण तथा रक्षा तकनीकी, साझेदारी को विशेष बढ़ावा दिया जाएगा। यद्यपि यह समझौता प्रमुख रूप से रक्षा से संबद्ध है, लेकिन सऊदी अरब–पाकिस्तान संबंध पहले से ही तेल, वित्तीय सहायता और श्रमिक योगदान पर आधारित हैं। इस समझौते के साथ अब दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ता और गहरी हो सकती है।

यह एक समझौता क्या भू–राजनीतिक समीकरण में बदलाव ला सकता है? यह समझौता एक नये ध्रुवीकरण का भी संकेत देता है, जो भारत की मध्य पूर्व में सामरिक भूमिका को भविष्य में बड़ी चुनौती दे सकता है। विचारणीय विषय यह है कि क्या इससे वीकरण के इस दौर में समीकरण भी बदल जाएंगे? यह भारत के लिए रणनीतिक चुनौती बन सकता है, क्योंकि पाकिस्तान को सऊदी अरब से आर्थिक–राजनीतिक समर्थन मिलने पर कश्मीर में आतंकवाद जैसा संवेदनशील मुद्दा पुनः खड़ा हो सकता है, जो भारत की स्थिति हेतु बड़ा संकट बन सकता है।

अरब देशों ने हाल के महीनों में इस्त्रइल की आक्रमक कार्यवाहियों विशेष रूप से कतर तथा ईरान पर सैन्य हमलों के बाद अमेरिका की सुरक्षा साझेदार के रूप में विसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाए हैं। निश्चित ही पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच रक्षा समझौते से भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है क्योंकि इसे सामान्य समझौता नहीं समझना चाहिए। चूंकि यह पश्चिम एशिया में बदलते भू–राजनीतिक समीकरणों के बीच हुआ है। भारत के साथ सऊदी अरब की आर्थिक साझेदारी भी गहरी है। सऊदी अरब भारत का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार जबकि भारत उसका दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी है। यही नहीं, सऊदी अरब में भारत–पाकिस्तान के तनाव के दौरान संयमित रुख अपनाया। पुलवामा आतंकी हमलों की निंदा की किंतु भारत द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाने तथा बालाकोट हमलों की आलोचना करने से भी परहेज किया। सऊदी अरब का सर्वोच्च नागरिक सम्मान वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी यात्रा के दौरान दिया गया। ऐसी स्थिति में भारत को संयम, सतर्कता, सजगता एवं संतुलित ढंग से काम करने की आवश्यकता है।

वास्तव में यह समझौता भारत के लिए अपने पश्चिमी पड़ोस के प्रबंधन को जटिल बनाता है, विशेषकर इसलिए क्योंकि यह इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति को सक्षम और सशक्त करता है। भारत की चिंताएं और चुनौतियां समझौते पर उसकी आधिकारिक टिप्पणी और बयानबाजी से समझी जा सकती हैं। पाकिस्तान कभी भी भारत का भरोसेमंद नहीं रहा व उसकी राजनीति भी भारत विरोध पर ही संचालित होती है। निर्विवाद है कि यह गठबंधन बड़ा आकार लेता है, तो खाड़ी और दक्षिण एशिया की सुरक्षा रणनीति को बदल सकता है। यह समझौता भारत, इस्त्रइल और पश्चिमी देशों के लिए नई चुनौती बन सकता है।

# ज्यादा सुर्खियां पा गया हाथ नहीं मिलाना

**मनोज चतुर्वेदी**

भारत–पाकिस्तान के बीच क्रिकेट एशिया कप मुकाबले में न तो बहले जैसा रोमांच दिखा और न ही दीवानगी दिखी। वहीं मैच में भारत के सात विकेट से जीत के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव, ओपनर अभिषेक शर्मा और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के प्रदर्शन के मुकाबले मैच में दोनों टीमों का हाथ नहीं मिलाना ज्यादा सुर्खियां पा गया। एकतरफा हार से बुरी तरह हताश पाकिस्तान टीम ने हाथ नहीं मिलाने के मुद्दे को एशिया कप के बायकाट की धमकी तक पहुंचा दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस आईसीसी से शिकायत करते हुए कहा है कि मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को नहीं हटाया तो वह एशिया कप से हट जाएगा। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी, जो एशियाई क्रिकेट काउंसिल के भी अध्यक्ष हैं, ने एक्स पर पोस्ट डाल कर इस शिकायत की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा है कि पीसीबी ने क्रिकेट की भावना से जुड़े एमसीसी के नियम और आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मैच रेफरी के खिलाफ दर्ज शिकायत में मैच रेफरी को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार मांग नहीं माने जाने पर पाकिस्तान चैंपियनशिप से हट सकता है। खबरों के मुताबिक पायक्राफ्ट टॉस से पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा को एकतरफ ले गए और कहा कि दोनों कप्तानों के बीच हैंडशेक नहीं होगा। यह भी कहा गया कि मैच के बाद पाकिस्तान टीम कुछ दूरी तक भारतीय ड्रेसिंग रूम की तरफ गई पर कोई जवाबी प्रतिक्रिया न देख कर लौटगई। पीसीबी के अनुसार टीम मैनेजर नवेद चीमा ने भारतीय खिलाड़ियों के खेल भावना के विपरीत व्यवहार की शिकायत की है।

आइसीसी के पाकिस्तान की शिकायत पर झुकने की संभावना नहीं है। इसकी वजह है कि रूल में हाथ मिलाने को लेकर खास निर्देश नहीं है। यह असल में नियम न होकर परंपरा मात्र है। वैसे भी खेलों में इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। साल 2023 के विम्बलडन में ही यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका से खेलते समय यह कहते हुए हाथ मिलाने से इंकार कर दिया था कि उनके देश ने हमारे देश पर हमला किया है। आयोजकों ने इस घटना पर कोई कार्रवाई नहीं की थी। पाकिस्तान को अपना मैच 17 सितम्बर को यूएई से खेलना है। पाकिस्तान यदि इस मैच में नहीं खेलता है तो उसके सुपर फोर में पहुंचने की सारी संभावनाएं खत्म हो जाएंगी। इसकी वजह यह है कि यूएई ओमान से मैच जीत चुका है, और पाकिस्तान नहीं खेलता है तो उसके चार अंक हो जाएंगे और वह सुपर फोर में पहुंच जाएगी। इसलिए यह तय है कि अगले 24 घंटे में पाकिस्तान को लेकर सारी स्थितियां स्पष्ट हो जानी हैं।

सभी जानते हैं कि कुछ दिनों पहले पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने हमला करके निदरेषों को मार दिया था। इसे ध्यान में रखकर ही पाकिस्तान से मैच खेलने का विरोध किया जा रहा था पर सरकार की नीति है कि आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत और पाकिस्तान खेल सकते हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच के बाद कहा कि टीम ने मिल कर हाथ नहीं मिलाने का फैसला किया था। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले में शहीद 26 निदरेषों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं। हम अपने सशस्त्र बलोंऔर उनके परिवारों के साथ खड़े हैं।

पाकिस्तान खेलने का फैसला करता है तो इस स्थिति का एक या दो बार सामना करना पड़ सकता है। पर भारत यदि इस ट्रॉफी को जीतता है तो उसके सामने भी परीक्षा की घड़ी आनी है। एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष होने के नाते मोहसिन नकवी विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करेंगे। उस सूरत में देखने वाली बात होगी कि भारत उनके हाथों से ट्रॉफी लेता है, या नहीं। जहां तक बात पाकिस्तान के साथ मुकाबले की है तो उसमें बिल्कुल दम नजर नहीं आया। सही है कि दोनों ने युवा खिलाड़ियों की टीम उतारी हैं पर भारतीय टीम पिछले एक–डेढ़ साल में एकजुट हो गई है।

# जटाधारा की रिलीज डेट का ऐलान



सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के अभिनय से सजी भव्य और रोमांचकारी फ़िल्म जटाधारा का लंबा इंतज़ार हुआ खत्म क्योंकि 7 नवंबर 2025 को हिंदी के साथ तेलुगु भाषा में बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही यह फ़िल्म धमाल मचाने को तैयार है. गौरतलब है कि ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा फिल्म के कैरेक्टर पोस्टर और धमाकेदार टीज़र जारी होने के बाद से ही दर्शकों के बीच इस फ़िल्म को लेकर उत्साह बना हुआ है और वे बड़ी बेसब्री से इस महाकाव्य की दुनिया में कदम रखने का इंतज़ार कर रहे हैं. आज जब फिल्म निर्माताओं ने एक ज़बरदस्त मोशन पोस्टर के साथ इसकी रिलीज़ डेट का ऐलान कर दिया है, तो इसने दर्शकों के उत्साह को अगले स्तर तक पहुंचा दिया है. ऊर्जा से भरपूर है, दैवीय मंत्रों की गूंज के साथ ब्रह्मांडीय दृश्य प्रस्तूर करते इस पोस्टर में सुदीप बाबू के साथ सोनाक्षी सिन्हा, दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी, रोहित पाठक, झांसी, राजीव कनकाला, शुभलेखा सुब्बाकर समेत अन्य कलाकारों की दमदार उपस्थिति दिखाई गई है. इसे आप अच्छाई और बुराई के साथ प्रकाश और अंधकार, मानव इच्छा और ब्रह्मांडीय नियति का एक भव्य टकराव भी कह सकते हैं. इस सिलसिले में ज़ी स्टूडियोज़ के सीईओ उमेश कुमार बंसल का कहना है, हम जिस तरह जटाधारा को दुनिया तक पहुंचाने का प्रयत्न कर रहे हैं, उस पर हमें गर्व है,

# एक बार फिर दिखेगा नो हैंडशेक विवाद, कोलंबो में भारत–पाक की महाभिड़ंत

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान की पुरुष टीमों के बीच पिछले तीन रविवार नाटकीयता भरे मुकाबलों के बाद अब इस रविवार को दोनों देशों की महिला टीमें वनडे विश्व कप में आमने–सामने होंगी तो क्रिकेट कौशल से ज्यादा जज्बात की जंग रहेगी और भारत का पलड़ा एक बार फिर भारी रहने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, टॉस के समय हाथ मिलाने की कोई परंपरा नहीं होगी। पाकिस्तान को तीनों जीत टी20 प्रारूप में मिली है। वनडे क्रिकेट में भारत का शत प्रतिशत रिकॉर्ड है, जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच खेले गए सभी 11 मैच जीते हैं। भारत ने विश्व कप में पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया, जबकि पाकिस्तान को बांग्लादेश ने सात विकेट से मात दी। पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों का सामना नहीं कर सके। सभी टीमें एक एक मैच खेल चुकी हैं और भारत चौथे स्थान पर है।

लगातार दूसरी जीत पर होगी हरमनप्रीत ब्रिगेड की नजरें हरमनप्रीत कौर की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ इस



मुकाबले में उतरेगी। पहले मैच में एक समय छह विकेट 124 रन पर गिरने के बाद निचले मध्यक्रम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47 ओवर में 250 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की ताकत उसकी बल्लेबाजी है लेकिन मजबूत टीमों के खिलाफ बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बांग्लादेश और पाकिस्तान के मैच में कोलंबो की पिच से काफी सीम मिल रही थी लिहाजा भारत तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को उतार सकता है जो पिछले महीने आस्ट्रेलिया के विरुद्ध सीरीज के जरिये चोट के बाद लौटी है। हालांकि, वह अभ्यास सत्र में लय में नहीं दिखी। दूसरी ओर पाकिस्तान की चिंता उसकी बल्लेबाजी है। पहले मैच में उसके बल्लेबाजों ने निराश किया और पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। फातिमा सना और डायना बेग ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन स्कोर ही बड़ा नहीं था।

इस प्रकार है टीमें

भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरूंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, पाकिस्तान : फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी, आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमन फातिमा, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शावाल जुल्फिकार , सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, सईदा आरूब शाह

## बाक्स आफिस पर जारी है जाली एलएलबी 3 का जलवा



अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला स्टारर फिल्म जाली एलएलबी 3 बाक्स आफिस पर शानदार परफार्म कर रही है. ये फिल्म अब घरेलू बाक्स आफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई की ओर बढ़ रही है. इस फिल्म ने 10 करोड़ रुपये से ज़्यादा की शानदार ओपनिंग की थी. इस फिल्म को पाजिटिव क वर्ड–आफ–माउथ का खूब फायदा हुआ है जिसके चलते ये खूब कमाई कर रही है.यहां तक कि नवरात्रि के दिनों के बावजूद, इसने पूरे हफ़्ते अपनी पेस बनाए रखी और दूसरे वीकेंड में भी उछाल देखा. हालांकि दूसरे सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट भी देखी गई. चलिए यहां जानते हैं जाली एलएलबी 3 ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है?

अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला स्टारर फिल्म जाली एलएलबी 3 बाक्स आफिस पर शानदार परफार्म कर रही है. ये फिल्म अब घरेलू बाक्स आफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई की ओर बढ़ रही है.

## हाई थाई स्लिट गाउन में श्वेता की बोल्ड अदाएं, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

टीवी सीरियल और टीवी सीरीज में 44 साल की उम्र में अपना जलवा दिखाने वाली श्वेता तिवारी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस भले ही 44 की है, लेकिन उनकी फिटनेस 24 साल की एक्ट्रेस को मात दे रही है। एक्ट्रेस की ग्लैमरस ब्यूटी को देखकर सोशल मीडिया पर हर कोई यही जानना चाहता है कि एक्ट्रेस अपनी ब्यूटी को कैसे मेंटेन करती हैं। अब एक्ट्रेस ने एक बार फिर अपनी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। श्वेता तिवारी ने इंस्टाग्राम पर खूबसूरत और बोल्ड फोटोज पोस्ट की हैं जिसमें वे स्किन टाइट ब्लू हाई स्लिट कट गाउन में दिख रही हैं। एक्ट्रेस के पूरे गाउन पर हैवी वर्क है। एक्ट्रेस का लुक चमकीला है। अपने लुक को पूरा करने के लिए श्वेता ने बालों को लाइट कर्ल के साथ स्टाइल किया है और मिनिमल मेकअप लिया है।

# भारत में बदलेगा 'ई–स्पोर्ट्स इंडस्ट्री का सूरतेहाल, राष्ट्रीय स्तर पर मिलने जा रही मान्यता

नई दिल्ली , इस माह ड्राफ्ट रूल्स जारी होने के साथ 'ई–स्पोर्ट्सइ को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय खेल के रूप में मान्यता मिलने जा रही है। यह मसौदा भारतीय ई–गेमिंग के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल सकता है।

ई–स्पोर्ट्स को 'द प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग रूल्स 2025 के अंतर्गत लाकर अब विशेष रूप से युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत विनियमित किया जाएगा। यह व्यवस्था ई–स्पोर्ट्स को जुए के साथ होने वाले भ्रम और नियामक अव्यवस्था से बाहर निकालकरएक स्पष्ट पहचान देगी।



इसके साथ ही, एक ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ईस्पोर्ट्स टाइटल्स को रजिस्टर करेगी।

यह अथॉरिटी नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी और शिकायतों का निपटारा करेगी। देखा जाए तो, अब ई–स्पोर्ट्स को वही प्रशासनिक ढांचा मिला है, जो क्रिकेट या हॉकी में देखने को मिलता है। अब ई–स्पोर्ट्स को कौशल–आधारित, प्रतिस्पर्धी गतिविधि के रूप में माना जाएगा, जो किसी फैंटेसी या किस्मत पर आधारित गेम से अलग है। यानी जुए से जुड़े टाइटल्स बाहर रहेंगे। वहीं, मान्यता प्राप्त ई–स्पोर्ट्स टाइटल्स को सरकारी संरक्षण, वित्तीय पोषण अवसर और आधिकारिक खेल आयोजनों के रूप में आयोजित किए जाने का अधिकार मिलेगा। ई–स्पोर्ट्स इवेंट्स और टाइटल्स का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा, ताकि उन्हें आधिकारिक मान्यता, सरकारी सहयोग और मीडिया अधिकारों की सुरक्षा मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### पहाड़ से मैदान जा रहा गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : थलीसैंण थाने में तैनात पुलिस टीम ने साठ किलो गांजे के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित पहाड़ से मैदान के लिए गांजे की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने गांजा सप्लाई में प्रयुक्त कार को भी सीज कर लिया है। थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि गुरुवार रात पुलिस बैजरो पुल के समीप चेकिंग अभियान चल रही थी। इस दौरान टीम को एक वैगनार कार तेज रफ्तार में आते हुए दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोककर तलाशी ली तो उसके भीतर पांच कट्टों में भरा गांजा बरामद हो गया। पूछताछ में कार चालक ने स्वयं को जनपद बिजनौर के अंतर्गत नजीबाबाद थाने के ग्राम मनोहरवाला निवासी कपिल कुमार बताया। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह विभिन्न क्षेत्रों से गांजा लेकर मैदान में इसकी तस्करी करने ले जा रहे हैं। बताया कि उसके दो साथी रास्ते में ही रुक गए थे। कपिल से जानकारी मिलते ही पुलिस टीम उसके साथियों की तलाश में निकल गई व कुछ दूर खड़े जनपद बिजनौर के अंतर्गत बढ़ापुर थाने के ग्राम पुरनपुर निवासी शिवम और भूपेंद्र को गिरफ्तार कर दिया। बताया कि आरोपितों के कब्जे से 60.418 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

### खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में पैरामेडिकल कोर्स के छात्र-छात्राओं का तीन दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव शनिवार को रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, पंजाबी, नेपाली और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध किया। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने छात्रों की मेहनत और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ‍पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने वार्षिकोत्सव में संस्कृति और परंपरा की मिसाल पेश की है। कहा कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत छात्रों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ. सयाना ने कहा कि पैरामेडिकल पूरा करने के बाद छात्रों के पास कई अवसर मौजूद हैं। वे एमएससी करने के साथ ही कॉरपोरेट अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में सेवाएं देकर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत बना सकते हैं। इस मौके पर पैरामेडिकल कोर्स प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने भी कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए बैच 2022-23 को बधाई दी। छात्रा मधु, समीक्षा, निधि, प्रिया, खुशी, दिव्यांशी, हिमानी, जानवी, हिमशिखर, विधि, मिनाक्षी, शिवानी, गौरव सहित कई छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत, लक्ष्मी, दीपक और रितिका ने किया। (एजेंसी)

### छात्रों को वितरित की शिक्षण सामग्री

श्रीनगर गढ़वाल : स्काईविन सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज परमार और सचिव डॉ. दिनेश भट्ट ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गडाकोट, टिहरी के कक्षा एक से पांच तक के निर्धन छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित की। स्काईविन सोसायटी उत्तराखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं तथा युवाओं के उत्थान के लिए विभिन्न विकास गतिविधियों पर कार्य कर रही है। डॉ. मनोज परमार ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत महिला मंगल दल, युवक मंगल दल, ग्राम पंचायत एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ सहयोग करना एवं उन्हें सबल बनाना है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष संजय थपलियाल, सह सचिव प्रतिभा रावत, सहायक अध्यापिका सुनीता, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। (एजेंसी)

### गुरिल्लाओं ने दी सीएम आवास कूच की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : नौकरी, पेंशन और आश्रितों हितों को लाभ दिए जाने की मांगों पर कार्यवाही न होने से एसएसबी युद्ध प्रशिक्षित गुरिल्लाओं ने सरकार के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया। एसएसबी गुरिल्लाओं ने कहा कि यदि जल्द से मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है तो वह सीएम आवास कूच करने के लिए बाध्य होंगे। एसएसबी गुरिल्ल्ला संगठन के मीडिया प्रभारी अनिल प्रसाद भट्ट ने बताया कि शनिवार को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एसएसबी गुरिल्लाओं की ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक में पूर्व में मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन पर सकारात्मक कार्यवाही न होने व सीएम से वार्ता न होने पर गुरिल्लाओं ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। कहा कि एसएसबी गुरिल्ला विगत कई वर्षों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन कोई भी ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है।

# दर्शकों को पसंद आ रही बौल्या काका फिल्म

### कोटद्वार सिनेमा घर में प्रसारित हुई गढ़वाली फिल्म

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार तड़ियाचौक स्थित सिनेमा हाल में गढ़वाली फिल्म बौल्या काका का प्रसारण शुरु हो गया है। पहले दिन फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान गोसेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राजेंद्र अण्थ्वाल ने फिल्म का शुभारंभ किया। निर्देशक शिवनारायण की गढ़वाली फिल्म ‍बौल्या काका'' में उत्तराखंड की संस्कृति व सभ्यता को दर्शाया गया है। डा. राजेंद्र अण्थ्वाल ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति व सभ्यता को जानने के लिए अपनी भाषा में बनी फिल्में देखनी चाहिए। फिल्म के माध्यम से हमें अपने पहाड़ के जीवन व कठिनाईयों का पता चलता है। युवाओं को विशेष रूप से अपने प्रदेश की संस्कृति पर बनी फिल्में देखनी चाहिए।



कोटद्वार स्थित सिनेमा हाल में फिल्म बौल्या काका' का शुभारंभ करते गोसेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राजेंद्र अण्थ्वाल

कहा कि फिल्म को पूर्ण रूप से टैक्स फ्री करने के लिए वह मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। भारत भूमि ट्रस्ट के संयोजक चंद्रमोहन जदली ने बताया कि फिल्म में मुख्य नायक हेमंत पांडेय हैं। जबकि, अभिनेत्री सुमन गौड़ व निर्देशक शिवनारायण सिंह रावत हैं। कहा कि फिल्म में पहाड़ के सुंदर-सुंदर दृश्य दिखाए गए हैं।

# लैंसडौन व बिजनौर वन प्रभाग के अधिकारियों ने की गश्त

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : जंगलों की सुरक्षा व आमजन को जागरूक करने के लिए कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैंसडौन व बिजनौर वन प्रभाग की ओर से जंगल से सटे इलाकों में गश्त की गई। इस दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण व वनों को आग से बचाने के लिए जागरूक किया गया।

कहा कि वनों की सुरक्षा हम सभी की मुख्य जिम्मेदारी है। कहीं भी आग लगने पर उसकी सूचना तुरंत वन कर्मियों को दें।



दोनों राज्यों की वन विभाग की टीम ने पाखरौ रेंज से सटे उत्तर प्रदेश गूजरडेरों, बढ़ापुर, हरेवली, मदपुरी, भोगपुर, मोरघट्टी वन क्षेत्र में गश्त की। गश्त आवश्यक उपकरण मैटल डिटेक्टर, अग्नेयशस्त्र, वायनाकूलर, लाउडस्पीकर के साथ ही गई। बढ़ापुर में नगर पालिका गेट, बस अड्डा, मदपुरी व भोगपुर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जंगल की सुरक्षा का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गश्त का मुख्य उद्देश्य दोनों राज्यों के वन विभाग में सहभागिता बनाना है। इस मौके पर उप वन संरक्षक कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग तरुण, अभिनव राज, जय सिंह कुशवाह, आशुतोष गुप्ता, अनामिका, शिप्रा वर्मा, अंशुमन मित्तल आदि मौजूद रहे।

# स्वयं सेविकों ने शहर में किया पथ संचलन



कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत बद्रीनाथ मार्ग से पथ संचलन करते हुए गंतव्य की ओर जाते संघ स्वयंसेवी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर के स्वयं सेवियों ने शहर में पथ संचलन किया। इस दौरान लोगों को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में बताया गया। कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य समाज हित में कार्य करना है।

मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर से शुरू हुआ पथ संचलन नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए विद्यालय परिसर में पहुंच कर संपन्न हुआ। पथ संचलन में बाल से लेकर प्रौढ़ स्वयं सेवक शामिल रहा। बाल स्वयं सेवकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के झंडे व ड्रम की धुन पर चल रहे स्वयं सेवी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। स्वयं सेवियों ने कहा कि शताब्दी वर्ष की अनुभूति हर स्वयं सेवक में नई ऊर्जा व दायित्व का बोध करा रही है। विजयदशमी पर वर्ष 1925 में नागपुर में डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना की थी। कहा कि आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समाज सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। बाढ़, आपदा किसी भी चुनौती में स्वयं सेवी मदद के लिए खड़े रहते हैं।

### खूनीबड़ में बारात घर का हुआ लोकार्पण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए वह गंभीरता से कार्य कर रही है। कहा कि जनता के बीच जाकर जनता की समस्या को सुनते हुए उसका निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 27 दुर्गापुर में अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र खूनीबड़ में बारातघर का लोकार्पण किया। लोकार्पण से पूर्व विस अध्यक्ष ने बारातघर प्रांगण में लगी गुरु रविदास व संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बारात घर खस्ताहाल स्थिति में पहुंच गया था। करीब 15 लाख रुपये की लागत से इसकी मरम्मत करवाई गई। कहा कि कुछ माह पूर्व भ्रमण के दौरान वह क्षेत्र में पहुंची थी और उनकी मुलाकात प्रेमवती देवी से हुई, जिन्होंने उन्हें बारातघर की स्थिति से उन्हें अवगत करवाया।

# अनुज को मिला उत्कृष्ट खिलाड़ी का सम्मान



भाबर स्थित यूनिकस अकादमी में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चें

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भाबर स्थित यूनिकस अकादमी में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बच्चों में उत्साह बना हुआ है। इस दौरान कक्षा सात के अनुज को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब दिया गया।

शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ अकादमी के निदेशक अभय सिंह व प्रधानाचार्य मान सिंह सुब्बा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को जीवन में अवश्य सफलता मिलती है। इस दौरान नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा छह के ओजस त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डाक्टर, शिक्षक, पुलिस अधिकारी व अग्निशमन की वेशभूषा में सजे नन्हें बच्चों ने हर किसी को अपनी ओर आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता में ईवा नेगी और रिधि मेहरा ने बेहतर प्रदर्शन किया।

# सनातन महापरिषद की ओर से नवंबर में करवाया जाएगा बाल्मीकि समुदाय का समागम

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सनातन संकृति के प्रचार-प्रसार के लिए सनातन महापरिषद भारत की ओर से नवंबर माह में बाल्मीकि समुदाय का महा समागम करवाया जाएगा। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता को एक मंच पर लाकर उनसे सनातन धर्म को आगे बढ़ने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को जुटाने के लिए महापरिषद की ओर से पूरे भारत में अभियान भी चलाया जा रहा है।

सनातन महापरिषद भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएम पांडेय ने बताया कि महापरिषद वर्षों से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रहा है। पूरे भारत वर्ष में सनातन की धरोहर को बचाने के लिए भी सनातन महापरिषद पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। बताया कि हर हिंदू को अपनी परम्परा से



पत्रकारों को जानकारी देते सनातन महापरिषद भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएम पांडेय

जोड़ने के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। इसी के तहत महापरिषद ने लखनऊ के अंबेडकर पार्क में बाल्मीकि समुदाय का महा समागम करने का निर्णय लिया है। इसमें सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। बताया कि कार्यक्रम में पूरे भारत वर्ष से करीब पांच हजार से अधिक लोग पहुंचेंगे। कहा कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को सरकारी विद्यालयों में सनातन शिक्षा पाठ्यक्रम लागू करवाने, मंदिरों व आश्रमों का जीर्णोद्धार करवाने, कोटद्वार स्थिति कण्वाश्रम का बेहतर विकास करवाने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर ज्ञापन भी दिया जाएगा।

### सतर्क बेटी—सुरक्षित परिवार कार्यक्रम 11 को

देहरादून। शाश्वत भारत ट्रस्ट की ओर से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सतर्क बेटी—सुरक्षित परिवारकार्यक्र्म का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 11 अक्तूबर को राजपुर रोड स्थित कन्या गुरुकुल विद्यालय में होगा।

लैंसडोन चौक स्थित रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत में संस्था के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप दत्त ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल रहेंगी।

### पौड़ी–श्रीनगर हाईवे पर 28 किमी. तक होगी पेटिंग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी-श्रीनगर नेशनल एनएच पर पेटिंग का काम शुरू हो गया। एनएच पर करीब 28 किलोमीटर तक इस बार पेटिंग होगी। पेटिंग का काम पूरा होने के बाद लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बता दें कि पौड़ी से श्रीनगर के बीच हाइवे कई जगहों पर ऊबड़-खाबड़ बना हुआ है। जिस कारण आवाजाही में परेशानी हो रही है। एनएच चंदोला राई के पास से लेकर गडोली, मल्ली, डोभ श्रीकोट, खंडाह आदि स्थानों पर गड्ढों में तब्दील हो गया था। इस बीच बरसात में हुई बारिश की वजह से भी एनएच की हालत और खराब हो गई। गडोली, बैंग्वाड़ी आदि जगहों पर बरसाती गदेरे भी हाईवे पर बहते हैं। जिससे इन जगहों पर सड़क की डामर हर साल ऊखड़ जाती है। नेशनल हाइवे के अधिशासी अभियंता आरएस चौहान ने बताया कि हाइवे पर चंदोला राई से लेकर श्रीनगर तक ही पेटिंग की जा रही है, ताकि हाईवे पर आवाजाही आसन हो जाए और ऊबड़-खाबड़ न रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क रहेगा ओपीडी पर्चा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्वास्थ्य विभाग 31 अक्तूबर तक अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन माह मनाएगा। इसके तहत वृद्ध नागरिकों की स्वास्थ्य जांच एवं उनके सम्मान पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि बुजुर्ग हमारी मूल्यवान संपत्ति हैं। उनके पास जीवन का लंबा अनुभव होता है, जो कि समाज में मार्ग दर्शक के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. शिव मोहन शुक्ला ने बताया कि वृद्ध नागरिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत 31 अक्तूबर तक अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन माह मिशन मोड़ पर मनाया जाएगा। जिसमें वृद्ध नागरिकों की स्वास्थ्य जांच एवं उनके सम्मान पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बताया कि इस दौरान हर बुधवार को 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए ओपीडी पर्चा निःशुल्क रहेगा। इसके साथ ही वृद्ध जनों के प्रति सम्मान, देखभाल, सहानुभूति, भावनात्मक समर्थन, वृद्धजनों के प्रति दुर्व्यवहार के खिलाफ जनपद के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं व सामुदायिक स्तर पर शपथ दिलाई जाएगी। कहा कि बढ़ती उम्र में बुजुर्गों को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। जिसके लिए उन्हें समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच, सरल व्यायाम, परिवारजनों से बातचीत, तंबाकू व शराब से दूरी, मनोरंजक गतिविधियों को चुनना, मेडिटेशन, टहलने के साथ ही संतुलित भोजन लेना चाहिए।

# पीड़ित को लौटाएं ठगी के 93 हजार

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : पौड़ी पुलिस ने ऑनलाइन ठगी की 93 हजार की राशि पीड़ित को लौटा दिया है। पुलिस इस साल अभी तक 1 करोड़ से अधिक की ठगी के पैसों को पीड़ितों को लौटा चुकी है। एसएसपी ने कहा कि पुलिस आम लोगो से अपील भी कर रही है कि इस तरह की ठगी से बचने के लिए अजनबियों से अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी पर नजदीक के थाने या साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि इस मामले में पौड़ी निवासी सोहन सिंह ने 12 अगस्त को साइबर सेल के पास शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें बताया गया कि कुछ लोगों ने उनके साथ 93 हजार की ऑनलाइन धोखाधड़ी कर दी है और पैसे वापस मांगने पर साफ मना कर रहे है और संपर्क करना भी बंद कर दिया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने साइबर सेल यूनिट को मामले में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। साइबर सेल श्रीनगर ने तकनीकी जांच और बैंक डिटेल्स लेते हुए धोखाधड़ी में गवांई उक्त धनराशि को पीड़ित को वापस लौटा दिया है। एसएसपी ने बताया कि ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए श्रीनगर व कोटद्वार में साइबर टीम सक्रिय है। इस साल अभी तक धोखाधड़ी के मामलों पर कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 22 लाख से अधिक की धनराशि संबंधित पीड़ितों के खातों में वापस लौटाने का काम किया गया है।

### सात अक्टूबर को मनाया जाएगा गढ़ भोज दिवस

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड के परम्परागत फसलों एवं भोजन का उत्सव गढ़ भोज दिवस 7 अक्तूबर को मनाया जाएगा। पर्वतीय विकास शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डा. अरविंद दरमोड़ा ने बताया कि नई पीढ़ी परम्परागत मोटे अनाजों से बनने वाले भोजन को जाने, इसे अपनी थाली का हिस्सा बनाए और उत्तराखंड की समृद्ध भोजन परंपरा को देश दुनिया के सामने लाने के लिए हिमालय पर्यावरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान जाड़ी के द्वारिका प्रसाद सेमवाल प्रणेता गढ़भोज अभियान वर्ष 2000 से गढ़भोज अभियान के माध्यम से प्रयासरत हैं। गढ़ भोज अभियान एवं गढ़ भोज दिवस के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने कहा कि गढ़ भोज दिवस की कल्पना के पीछे मात्र एक उत्सव का विचार नहीं है, बल्कि वर्ष में कम से कम एक दिन उत्तराखंड के औषधीय गुणों से भरपूर फसलों से बनने वाले भोजन को मुख्यधारा से जोड़ने पर चर्चा करना है। बताया कि 7 अक्तूबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। (एजेंसी)

# डिजिटल हेल्थ सेवा किलकारी से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में आएगा सुधार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में शनिवार को भारत सरकार द्वारा संचालित किलकारी एवं मोबाइल अकादमी कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

कार्यशाला में राज्य स्तर से आये प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि किलकारी कार्यक्रम गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क डिजिटल सेवा है, जिसमें भारत सरकार द्वारा 1600103660 नंबर से गर्भावस्था और नवजात बच्चे के स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी सलाह लाभार्थी को फोन काल के माध्यम से साप्ताहिक रूप से मिलती है। लाभार्थी अपने रजिस्टर मोबाइल नंबर से 14423



डायल करके भी किलकारी के संदेश सुन सकते हैं। कार्यशाला के दौरान जनपद की अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा जगदीश टेकचंदानी ने बताया कि किलकारी सेवा के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को समय से एवं सटीक स्वास्थ्य जानकारी उनके मोबाइल पर घर बैठे ही मिलती है। इस उपलक्ष्य पर बीते वर्ष के कार्य निष्पादन के आधार पर ब्लॉक टीम को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यशाला में जिला समन्वयक आशा कार्यक्रम श्रीमती हेमलता गैरोला, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक किलकारी डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी किलकारी सिद्धांत मेहरा, सभी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक समन्वयक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं आशा सुगमकर्ता इत्यादि मौजूद थे।

# खो-खो फाइनल मैच आज दुगड्डा और द्वारीखाल के बीच खेला जाएगा

### जनपद स्तरीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू, 1200 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 75वीं जनपद स्तरीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को राइफलमैन शहीद जसवंत सिंह रावत स्टेडियम, रांसी में हो गया है। इस मौके पर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पौड़ी एवं डीएवी इंटर कॉलेज पौड़ी की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। खो-खो अंडर-19 बालक वर्ग में सेमीफाइनल में दुगड्डा और द्वारीखाल ने जीत दर्ज फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच रविवार को



दुगड्डा और द्वारीखाल के बीच खेला जाएगा। मुख्य अतिथि हिमानी नेगी ने माँ सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्जवलित कर जिला स्तरीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल भावना से खेलने वाला व्यक्ति जीवन में हमेशा सफल होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद में ही नहीं बल्कि प्रदेश में भी अपना नाम रोशन करें। मुख्य शिक्षा अधिकारी नागेंद्र बर्तवाल ने बताया कि शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद के 15 विकासखंडों से 1200 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता 4 से 7 अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी। जिला खेल समन्वयक योगम्बर सिंह नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, जूडो और योग जैसी प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। इन खेलों में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तर पर जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केशर सिंह नेगी ने कहा कि वे स्वयं भी खिलाड़ी रहे हैं और खेलों का महत्व भली-भांति जानते हैं। उन्होंने घोषणा की कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विकासखंड को 5100, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2100 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1100 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। खो-खो अंडर-19 बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल दुगड्डा और पोखड़ा के बीच खेला गया। जिसमें दुगड्डा विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल एकेश्वर और द्वारीखाल के खेला गया। जिसमं द्वारीखाल विजयी रहा। फाइनल मैच रविवार को दुगड्डा और द्वारीखाल के बीच खेला जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जयदीप रावत, मृदुला गुजराल एवं भवान सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रचना सिरस्वाल, बबीता रावत, कमल उप्रेती, भवान सिंह नेगी, हरदीप रावत, रघुराज चौहान, मुकेश कुमार, ऋषि रावत, जयकृत भंडारी, सुरेंद्र रावत, पूरण सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऋषिकेश के गुलर में भारत का पहला ब्रिज होटल खुला

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा मार्गों पर परित्यक्त पुलों का विकास परियोजना के तहत होटल खुलने शुरू हो गए हैं। परियोजना के तहत सर्वप्रथम ऋषिकेश के समीप गुलर में बिग ब्रिज होटल का शुभारंभ किया गया। नरेंद्रनगर विधानसभा अंतर्गत गुलर में बिग ब्रिज होटल का उद्घाटन पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज और वन मंत्री सुबोध उनियाल ने किया। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि डीबीएफओटी आधार पर सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में यात्रा मार्गों पर परित्यक्त पुलों का विकास परियोजना के तहत विकसित, यह भारत का पहला होटल और विश्राम स्थल है, जो एक बहती जलधारा पर बने पुल पर बना है।

